AMAR UJALA

Page No. 04(Gzb) Date. 29th Dec 2019

अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

अपराजिता
100 MILLION SMILES

गाज़ियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार यानि आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कालेज के सहयोग से शास्त्रीनगर स्थित जे-ब्लॉक में शिविर आयोजित होगा। इसकी शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरिपी विशेषज्ञ लोगों की जांच और उपचार के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे।

AMAR UJALA

Page No. 04 (my city) Date 30th Dec 2019

सोमवार • 30.12.2019
www.amarujala.com

स्वास्थ्य शिविर में 194 लोगों ने कराई जांच

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी अपार्टमेंट में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय निवासियों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों को दांतों की देखभाल संबंधी तरीके भी बताए।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 194 लोग जांच कराने पहुंचे, जिसमें से 149 लोगों के दांतों की जांच और 45 मरीजों को फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 42 लोगों के दांतों की सफाई हुई। इस दौरान 11 बच्चों के दांतों पर फ्लूराइड लगाया गया। डॉ. विक्रम अरोड़ा के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों दांतों को लंबे समय तक ठीक रखने के बारे में लोगों को जानकारी भी दी गई।

ये चिकित्सक रहे उपस्थित

डॉ. लवण्या रस्तोगी, डॉ. शिवांगी वार्ष्णेय, विप्सा कृपलानी, वर्षा त्यागी, निधि झा, शिवांगी वर्मा आदि ने मरीजों की जांच की।

सोसायटी में शिविर लगने का लाभ मिलता है। दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी चिकित्सकों ने दी। – रेशमा भाटिया

सर्दी के मौसम में अपार्टमेंट में ही चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श मिल सका। बच्चों के दांतो की देखभाल संबंधी जानकारी मिली। – मंजू

शिविर में दांतों और फिजियोथेरेपी संबंधी इलाज चिकित्सकों से मिला। सोसायटी में इस तरह के शिविर आयोजित होते रहने चाहिए। – शीला गोयल